हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ

19 नवम्बर 2025, समय 18:10

मुख्य समाचार :-

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज पी एम किसान योजना की 21वीं किस्त जारी की ।

2. हरियाणा के 15 लाख 82 हजार किसानों के खातों मे 316 करोड़ 38 लाख रुपए की राशि हस्तांतरित की गई ।

3. मुख्यमंत्री ने किसानों से मूल्य संवर्धित फसलों की ओर रुख करने का आह्वान किया ।

4. पलवल के दुधोला स्थित श्री विश्वकर्मा कौशल विश्व विद्यालय द्वारा आज अपना स्थापना दिवस मनाया गया – मुख्य अतिथि रणवीर गंगवा ने कहा कि विश्व विद्यालय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कौशल भारत कुशल भारत के महामंत्र को साकार कर रहा है ।

5. हरियाणा की जेलों मे गैंगस्टर और भाई संस्कृति पर नकेल कसी गई – पुलिस महा निदेशक आलोक राय ने कहा कि सभी से शारीरिक श्रम करवाया जा रहा है ।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज तमिलनाडु के कोयंबटूर में एक कार्यक्रम के दौरान पीएम-किसान योजना की 21वीं किस्त जारी की।

प्रधानमंत्री द्वारा देश भर के नौ करोड़ किसानों के खाते में सीधे 18 हज़ार करोड़ रुपये से अधिक की राशि हस्तांतरित की।

इस अवसर पर बोलते हुए, श्री मोदी ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में कृषि क्षेत्र में परिवर्तनकारी सुधार हुए हैं।

श्री मोदी ने कहा कि देश प्राकृतिक खेती का वैश्विक केंद्र बन रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से किसानों को 10 लाख करोड़ रुपये का लाभ मिला है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आज देशभर के किसानों के खातों में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त जारी करने के मौके पर पलवल में राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इसके अतिरिक्त, सभी जिलों में भी कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें कैबिनेट मंत्रियों, राज्य मंत्रियों तथा सांसदों ने भाग लिया। समारोह के दौरान प्रधानमंत्री के संबोधन का लाइव प्रसारण किया गया।

प्रधानमंत्री द्वारा किस्त जारी करने से पहले किसानों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने किसान कल्याण के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का उल्लेख किया और कहा कि प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व में किसान अब राष्ट्रीय नीति के केंद्र बन चुके हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हरियाणा प्रदेश के 15 लाख 82 हजार किसानों के खातों में 316 करोड़ 38 लाख रुपए की राशि मिलेगी।

मुख्यमंत्री ने किसानों से परंपरागत खेती से आगे बढ़ते हुए मूल्य संवर्द्धित फसलों की ओर रुख करने का आह्वान किया। हरियाणा के लोक निर्माण मंत्री श्री रणबीर सिंह गंगवा ने भी किसानों को संबोधित किया।

आज रोहतक जिले के 66 हजार किसानों के खाते में 13 करोड़ 26 लाख रुपए की राशि किसानों के खातों में डाली गई । कुरुक्षेत्र जिले के 60 हजार किसानों के खाते में 22 करोड़ 20 लाख रुपये और पानीपत के 45 हजार 679 किसानों के खाते में 9 करोड़ 14 लाख रुपए जारी किए गए। इसी तरह कैथल जिले के करीब 94 हजार 997 किसानों के खाते में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ मिला। रोहतक में सहकारिता मंत्री डा. अरविंद शर्मा , कैथल में राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा और पानीपत में शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कार्यक्रम में शिरकत की।

भारत की पहली महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की 108 वीं जयंती पर आज कांग्रेस नेताओं द्वारा उन्हे पुष्पांजलि अर्पित की गई। भिवानी के रोहतक मार्ग पर स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय में विभिन्न कांग्रेस नेताओं ने एकत्रित होकर पूर्व प्रधानमंत्री को याद किया।

पलवल में दुधौला स्थित श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय द्वारा आज अपना स्थापना दिवस मनाया गया। हरियाणा के जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी एवं लोक निर्माण मंत्री रणवीर गंगवा ने कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। इस अवसर पर श्री रणबीर गंगवा ने कहा कि श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय केवल डिग्री नहीं बल्कि हाथों का हुनर और वास्तविक औद्योगिक प्रशिक्षण प्रदान कर रहा है।

उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में 50 से अधिक कौशल आधारित उच्च गुणवत्ता वाले कोर्स संचालित हो रहे है और भविष्य में भी कौशल आधारित कोर्स शुरू किए जाएगें।

हरियाणा के जेल विभाग के पुलिस महानिदेशक आलोक राय ने कहा कि जेलों में गैंगस्टर और भाई संस्कृति पर नकेल कसी गई है। आज पंचकूला में एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जेलों में ऐसा माहौल बन गया था कि भाई लोग आराम करते थे और बाकी लोग काम करते थे।अब सभी से शारीरिक श्रम करवाया जा रहा है। स्वच्छता पर विशेष बल दिया जा रहा है । प्रतीक चिन्हों और ब्रांडेड कपड़ों के चलन को भी बंद किया गया है। प्रत्येक अपराधी को कैदी की वर्दी ही पहननी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि इंस्टाग्राम व जेल से आने वाली वीडियो को रोकने में भी विभाग कामयाब रहा है। अब मुलाकात भी पूरी निगरानी में होती है। श्री आलोक राय ने बताया कि जेल के कारीगरों की एक राज्य स्तरीय प्रदर्शनी लगाई जाएगी।

श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी वर्ष के उपलक्ष्य में निकाली जा रही शहीदी यात्रा का आज अम्बाला शहर में श्रद्धा और उत्साह के साथ स्वागत किया गया। शहरभर में विभिन्न स्थानों पर संगत ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का अभिनंदन किया। आज यात्रा का रात्रि ठहराव बादशाही बाग गुरुद्वारा साहिब में होगा।

जींद से चली तीसरी शहीदी यात्रा को आज पानीपत से सम्मान पूर्वक आगे की यात्रा के लिए रवाना किया गया । यह यात्रा कल शाम पानीपत पहुंची थी। इस यात्रा की अगुवाई गुरुद्वारा पहली पातशाही के सचिव सरदार अगम अपार सिंह कर रहे हैं। यह ऐतिहासिक यात्रा 24 नवंबर को कुरुक्षेत्र में सम्पन्न होगी।